दिनांक 22.02.2014

आदरणीय श्री राहुल गांधी जी,

गैस घोटाले मामले में श्री मुकेश अंबानी जी के खिलाफ आम आदमी पार्टी सरकार की एंटी करप्शन ब्रांच ने FIR दर्ज की थी।

आरोप है कि यू.पी.ए. सरकार के कुछ मंत्रियों ने श्री मुकेश अंबानी को गलत तरीके से फ़ायदा पहुंचाने की मंशा से गैस के दाम बढ़ाने का निर्णय लिया है। श्री मुकेश अंबानी जी को वर्ष 2000 में तत्कालीन एन.डी.ए. सरकार ने गैस निकालने के लिए कुछ गैस के कुएं दिए थे। अंबानी जी को 17 साल तक 2.3 डॉलर प्रति यूनिट के हिसाब से सरकार को गैस देनी थी। लेकिन बाद में समय-समय पर सरकार पर गलत तरीके से दबाव डालकर श्री मुकेश अंबानी ने गैस के दाम 4 डॉलर प्रति यूनिट से भी ज़्यादा करवा लिए। आरोप है कि इन कुओं से गैस निकालने का खर्च मात्र 1 डॉलर प्रति यूनिट से भी कम आता है। इसका मतलब केन्द्र सरकार श्री मुकेश अंबानी को 1 डॉलर से भी कम की चीज़ के 4 डॉलर दे रही है। हद तो तब हो गई जब केन्द्र सरकार ने आदेश पारित कर दिए कि 1 अप्रैल 2014 से श्री मुकेश अंबानी को 8 डॉलर प्रति यूनिट के हिसाब से गैस के दाम दिए जाएंगे। कहा जा रहा है कि श्री मुकेश अंबानी को इससे सालाना 54,000 करोड़ का नाजायज़ फायदा होगा। पूरे दिल्ली राज्य का सालाना बजट 40,000 करोड़ होता है। यानि कि सरकार मुकेश अंबानी जी को पूरी दिल्ली के बजट से भी ज्यादा का नाजायज़ फायदा दे रही है। और ये सारा पैसा हम लोगों की जेब से जायेगा। आखिर क्यों?

1 अप्रैल से देश के अंदर त्राहि-त्राहि मच जाएगी। CNG के रेट बहुत बढ़ जाएंगे। इससे पूरे देश के अंदर यातायात महंगा हो जाएगा। इसी गैस से देश में बिजली का उत्पादन होता है, तो बिजली भी बहुत महंगी हो जाएगी। इसी गैस से खाद बनती है, तो खाने-पीने की सभी चीज़ें महंगी हो जाएंगी। आप समझ सकते हैं कि देश में कितनी ज़्यादा महंगाई हो जाएगी।

आप और मोदी जी अभी तक इस मुद्दे पर चुप क्यों हैं? यह एक बहुत ही महत्त्वपूर्ण मुद्दा है। ऐसा माना जा रहा है कि यदि यू.पी.ए. की सरकार बनती है तो आप प्रधानमंत्री होंगे। इस वजह से इतने महत्त्वपूर्ण मुद्दे पर आपकी चुप्पी ठीक नहीं है। वैसे तो लोगों का मानना है कि मौजूदा यू.पी.ए. सरकार कोई भी महत्त्वपूर्ण निर्णय आपके परिवार से पूछे बिना नहीं लेती। लोगों का मानना है कि यह निर्णय भी सरकार ने आपके परिवार से पूछ कर ही लिया होगा। पर फिर भी लोग आपके मुंह से सुनना चाहते हैं कि क्या आप मुकेश अंबानी जी को 8 डॉलर प्रति यूनिट गैस के दाम देने का समर्थन करते हैं?

लोग यह भी कह रहे हैं कि चुनाव के कुछ महीने पहले ही आखिर गैस के दाम दुगने करने के ऑर्डर क्यों किए गए? क्या बदले में श्री मुकेश अंबानी जी ने कांग्रेस को एक नंबर या दो नंबर में चंदा दिया है? या अन्य कोई फ़ायदा पहुंचाया है? यदि हां, तो वो क्या है?

जब आम आदमी पार्टी सरकार की एंटी करप्शन ब्रांच ने इस मामले में श्री मुकेश अंबानी जी के खिलाफ FIR दर्ज की तो भाजपा और कांग्रेस दोनो के वरिष्ठ नेताओं ने उसका घोर विरोध किया। क्या दोनो पार्टियों के मुकेश अंबानी जी के साथ इतने घनिष्ठ संबंध हैं?

आप और मोदी जी दोनो देश विदेश में घूमने के लिए हैलिकॉप्टर और निजी हवाई जहाज़ों का इस्तेमाल करते हैं। ये हैलिकॉप्टर, हवाई जहाज़ किसके हैं? अखबारों में छपी खबरों के मुताबिक आप खुलेआम श्री मुकेश अंबानी के जहाज़ों में घूमते हैं। लोग कहते हैं कि मोदी जी भी उनका जहाज इस्तेमाल करते हैं। क्या वो जहाज़ आपको फ्री में मिलते हैं या आप उनका किराया देते हैं? जनता में ये चर्चा है कि आपकी एक-एक रैली पर कई करोड़ रुपये खर्च होते हैं। ये सारा पैसा किसका है? कुछ लोगों का कहना है कि श्री मुकेश अंबानी आपको फंड कर रहे हैं। क्या यह सच है?

नीरा राडिया टेपों में यह निकलकर आया है कि श्री मुकेश अंबानी जी बड़े गर्व के साथ कहते हैं कि कांग्रेस तो श्री मुकेश अंबानी की दुकान है। लोग कहते हैं कि केन्द्रीय मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों की पोस्टिंग में श्री मुकेश अंबानी की दख़ल-अंदाज़ी होती है और वास्तव में यू.पी.ए. की सरकार तो श्री मुकेश अंबानी जी ही चलाते हैं। क्या यह सच है?

इसलिए आपसे हाथ जोड़कर विनती है कि आप इस मामले में अपनी चुप्पी तोड़ें और देश की जनता को निम्नलिखित प्रश्नों के जवाब दें :

1) क्या आप श्री मुकेश अंबानी को 8 डॉलर प्रति यूनिट गैस के दाम देने का समर्थन करते हैं? यदि नहीं, तो क्या आप अपनी सरकार से कहकर इस आदेश को रद्द करवाएंगे?

2) श्री मुकेश अंबानी जी के साथ आपके और आपकी पार्टी के क्या संबंध हैं?

3) आपके चुनाव प्रचार पर कितना पैसा खर्च हो रहा है और वो पैसा कहां से आ रहा है?

4) क्या आप श्री मोइली को इस बार लोकसभा की टिकट देंगे? आपके कई मंत्रियों पर भी समय-समय पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे हैं जैसे श्री सलमान खुर्शीद, श्री कमल नाथ, श्री शरद पवार, श्री पी. चिदांबरम, श्री कपिल सिब्बल इत्यादि। क्या आप इन सबको टिकट देंगे?

चूंकि इस पत्र में जनता से संबंधित अहम मुद्दे उठाए गए हैं, इसीलिए मैं इस पत्र को सार्वजनिक कर रहा हूं। आप चाहे मुझे सीधे इस पत्र का जवाब न दें, लेकिन यदि आप इन मुद्दों पर अपने विचार सार्वजनिक रूप से बयान कर देंगे तो लोगों के मन के संदेह दूर हो जाएंगे।

अरविंद केजरीवाल